# कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा),बाराबंकी

पत्रांकः 88 /ई–टेण्डरिंग/डूडा/2026–27 दिनांकः 15/05/2026

## ई–निविदा सूचना

जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा) बाराबंकी में पंजीकृत श्रेणी–ए0, बी0 एवं सी0 के फर्म/ठेकेदार एवं अन्य पंजीकृत ठेकेदारों के लिए ई–टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद की नगर निकायों में ''मूलभूत नगरीय सुविधायें एवं आवास (एस0सी0एस0पी0) योजनान्तर्गत अनुदान संख्या–83 में 16 कार्य, मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित तथा मलिन बस्ती योजनान्तर्गत अनुदान संख्या–37 में 24 कार्य कुल 40 कार्यों के सापेक्ष 30 दिवसीय अति अल्पकालीन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

उक्त 40 कार्यों की ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.05.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 20.06.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक अपलोड किये जा सकेंगे केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त ई–निविदाओं की तकनीकी बिड दिनाँक . 20.06.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। ई–निविदा खोले जाने से पूर्व निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। ई–निविदा से सम्बन्धित किसी प्रकार का निर्णय निविदा समिति, परियोजना निदेशक डूडा एवं जिलाधिकारी/अध्यक्ष–डूडा के स्तर से लिया जायेगा जो सभी को मान्य होगा।

निविदादाता, ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम एवं शर्तों को http://etender.up.nic.in वेबसाइट पर अवलोकन के पश्चात् ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करें।

भवदीय

15.05.26

(संजय शुक्ला)
परियोजना अधिकारी
डूडा, बाराबंकी

# कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण(डूडा), बाराबंकी।

पत्रांक 86 /ई–टेण्डरिंग/डूडा/2026–27 दिनांक– 15/05/2026

## कार्यालय ज्ञाप

जिला नगरीय विकास अभिकरण,डूडा बाराबंकी के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में जनपद की नगर निकायों में "मूलभूत नगरीय सुविधायें एवं आवास (एस0सी0एस0पी0) योजनान्तर्गत अनुदान संख्या–83 में शासनादेश संख्या–129/2026/513/69–1–2026–2029606 दिनांक 16 मार्च, 2026 के द्वारा 11 कार्य, मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित तथा मलिन बस्ती योजनान्तर्गत अनुदान संख्या–37 में शासनादेश संख्या–140/2026/701/69–1–26–2034483 दिनांक 25 मार्च 2026, 19 कार्य, अनुदान संख्या–83 शासनादेश संख्या–148/2026/762/69–1–2026–2036524 दिनांक 29 मार्च 2026 05 कार्य, एवं अनुदान संख्या–37 शासनादेश संख्या–150/2026/821/69–1–26–2036749 दिनांक 31 मार्च 2026 के अन्तर्गत 05 कार्य इस प्रकार से कुल 40 कार्यो की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गयी है।

उपरोक्त स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष जनपद की विभिन्न निकायों में इण्टरलाकिंग,नाली निर्माण कार्य एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट का नाम | **https://etender.up.nic.in** |
| 2. | निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 19.05.2026 अपरान्ह 05:00 |
| 3. | ठेकेदार/फर्मो द्वारा निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | दिनांक 20.05..2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 19.06.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा समिति द्वारा निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 20.06.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे |

| क्र0 सं0 | निकाय का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | बिल आफ क्वान्टिटी की धनराशि | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नगर पंचायत रामसनेहीघाट | मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना | नगर पंचायत रामसनेहीघाट के वार्ड 01 बनी के औसान पुरवा में माता जी के मन्दिर के पास से सूर्यनारायन सिंह के घर तक सी0सी0 रोड़ एवं नाली निर्माण का कार्य। | 1177631.58 | 117764/- | 795 | 04 माह |
| 2 | नगर पंचायत रामसनेही घाट | | नगर पंचायत रामसनेहीघाट के वार्ड धरौली में पानी की टंकी से रमेश गौतम के घर के पास से होते हुये हरिश्चन्द्र रावत की दुकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य। | 893092.11 | 89309/- | 795 | 04 माह |
| 3 | नगर पंचायत रामसनेहीघाट | | नगर पंचायत रामसनेहीघाट के वार्ड बनी में तिलकराम के घर के पास से मनोज सिंह के घर के पास तक सी0सी0 रोड़ एवं नाली निर्माण का कार्य। | 2421875.00 | 242188/- | 854 | 04 माह |
| 4 | नगर पंचायत बेलहरा | | वार्ड नं0–05 जलाननगर में सकटू रावत के घर से संजय के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 1348414.28 | 134841/- | 854 | 04 माह |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | नगर पंचायत फतेहपुर | | वार्ड नालापार दक्षिण–5 में राज कुमार व पप्पू के मकान से राम मिलन के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण का कार्य। | 341474.04 | 34147/- | 667 | 04 माह |
| 6 | नगर पंचायत टिकैतनगर | | वार्ड नं0 01 में बारिनबाग रोड़ गुड्डू पंडित से बसंतकान्ति कालेज व कामधेनू गौशाला तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण का कार्य। | 2813322.37 | 281332/- | 854 | 04 माह |
| 7 | नगर पंचायत टिकैतनगर | | वार्ड नं0 06 में सपन मौर्या के प्लाट से चन्द्रिका मास्टर के मकान तक सी0सी0 रोड़ व नाली निर्माण का कार्य। | 1743990.33 | 174399/- | 854 | 04 माह |
| 8 | नगर पंचायत टिकैतनगर | | भेलसर मार्ग से पुरुषोत्तम तिवारी के घर होते हुये शिवनाथ गुप्ता के घर तक सी0सी0 रोड़ व नाली निर्माण का कार्य। | 1405427.63 | 140543/- | 854 | 04 माह |
| 9 | नगर पंचाययत रामसनेही घाट | मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना | वार्ड बनी में सी0सी0 रोड़ से औसानपुरवा में भारत के घर तक सी0सी0 रोड़ व नाली निर्माण का कार्य। | 2474506.58 | 247451/- | 854 | 04 माह |
| 10 | नगर पंचाययत रामसनेही घाट | | वार्ड बनी पूरे औसान से सुमेरगंज सम्पर्क मार्ग तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण कार्य। | 1257401.32 | 125741/- | 854 | 04 माह |
| 11 | नगर पंचायत फतेहपुर | | वार्ड नालापार दक्षिण–5 में शम्भू के मकान से देवी माता के मंदिर होते हुये माता प्रसाद के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 754745.56 | 75475/- | 795 | 04 माह |
| 12 | नगर पंचायत फतेहपुर | | वार्ड फैयाजपुरा में जंग बहादुर के मकान से बस स्टाप तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 3856904.87 | 385690/- | 2354 | 04 माह |
| 13 | नगर पंचायत सुबेहा | | वार्ड नं0 03 पलिया मोहल्ला गुरुसहाय का पुरवा में अभिलाख के दरवाजे से श्री गोपाल के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग, नाली निर्माण व पथ प्रकाश का कार्य। | 2205592.11 | 220559/- | 854 | 04 माह |
| 14 | नगर पंचायत सुबेहा | | वार्ड– नं0 03 पलिया में सुरेन्द्र बारी के घर से राजू पण्डित के घर होते हुये शंकर भगवान के मन्दिर तक इण्टरलाकिंग, सड़क एवं नाली निर्माण व पथ प्रकाश का कार्य। | 2885690.79 | 288569/- | 854 | 04 माह |
| 15 | नगर पंचायत टिकैतनगर | | नगर पंचायत टिकैतनगर में मुख्य चौराहा पुलिस बूथ से जनता मेडिकल स्टोर तक इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली निर्माण का कार्य | 5616776.32 | 561678/- | 2354 | 04 माह |
| 16 | नगर पंचायत टिकैतनगर | | नगर पंचायत टिकैतनगर में पश्चिम रोड प्राइमरी स्कूल से मुख्य चौराहा तक इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली निर्माण का कार्य | 4129111.84 | 412911/- | 2354 | 04 माह |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | नगर पंचायत रामसनेहीघाट | | नगर पंचायत रामसनेहीघाट के वार्ड मिटरिया में पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग से दिलीप के घर तक सी0सी0 रोड़ निर्माण का कार्य। | 1817434.21 | 181743/- | 854 | 04 माह |
| 18 | नगर पंचायत दरियाबाद | | मोहल्ला बन्ने तले में दरियाबाद सफदरगंज रोड शिफा हॉस्पिटल के बगल से राइस मिल के पीछे होते हुये जावेद राईन के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 1386513.16 | 138652/- | 854 | 04 माह |
| 19 | नगर पालिका परिषद नवाबगंज | | नगर पालिका परिषद नवाबगंज के वार्ड नं0–06 में विकास भवन रोड़ से मुकेश वर्मा की दुकान से दूबे के घर तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 2703125.00 | 270313/- | 854 | 04 माह |
| 20 | नगर पालिका परिषद नवाबगंज | | नगर पालिका परिषद नवाबगंज अन्तर्गत वार्ड 06 में विकास भवन रोड़ से मुकेश श्रीवास्तव के घर से गुडडू शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 400493.42 | 40049/- | 667 | 04 माह |
| 21 | नगर पालिका परिषद नवाबगंज | मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना | नगर पालिका परिषद नवाबगंज अन्तर्गत वार्ड 02 में बाराबंकी बहराइच मोड़ होते हुये किशन निगम की मार्केट से गौरव प्रशान्त शुक्ला व आशीष दीक्षित व मनीष दीक्षित के सरहद व शक्तेश्वर महादेव मन्दिर तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 5024671.05 | 502467/- | 2354 | 04 माह |
| 22 | नगर पंचायत बेलहरा | | वार्ड नं0 02 सलारी में मोहम्मदपुर खाला मार्ग मेन रोड से विनोद के घर से दिनेश राठौर के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 2009819.89 | 200982/- | 854 | 04 माह |
| 23 | नगर पंचायत बेलहरा | | मोहल्ला जलाननगर में टेढे रावत के मकान से फतेहजंग के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 145908.84 | 14591/- | 559 | 04 माह |
| 24 | नगर पंचायत फतेहपुर | | नगर पंचायत फतेहपुर में वार्ड कटघरा लहसी मियांपुर में हरिचन्द के मकान से ओमप्रकाश के मकान तक नाली व इंण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 223154.35 | 2315/- | 588 | 04 माह |
| 25 | नगर पंचायत फतेहपुर | | वार्ड देवखरिया (मैदासपुर) में भीषम के मकान से राम खेलावन के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण का कार्य। | 179817.72 | 17982/- | 588 | 04 माह |
| 26 | नगर पंचायत फतेहपुर | | वार्ड पचघरा–2 में गंगाराम यादव के मकान से धनीराम के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण का कार्य। | 887275.05 | 88728/- | 795 | 04 माह |
| 27 | नगर पंचायत फतेहपुर | | वार्ड देवखरिया (मैदासपुर) में रमेश के मकान से सुशील चौहान के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 314963.22 | 31496/- | 667 | 04 माह |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | नगर पंचायत फतेहपुर | | वार्ड काजीपुर–1 में फतेहपुर ब्लाक कार्यालय रोड से सरवन बाबू एडवोकेट के मकान होते हुये हेमन्त जोशी के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 781572.65 | 78157/- | 795 | 04 माह |
| 29 | नगर पंचायत फतेहपुर | | वार्ड देवखरिया में राजू चौधरी के मकान से आकाश वर्मा (प्रिंशू) के खेत तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 590747.29 | 59075/- | 795 | 04 माह |
| 30 | नगर पंचायत सुबेहा | | वार्ड गढ़ी के वार्ड नं0–7 में सतनाम सिंह के घर से हनुमान मन्दिर तक इण्टरलाकिंग, सड़क व पथ प्रकाश का कार्य। | 1665296.05 | 166530/- | 854 | 04 माह |
| 31 | नगर पंचायत सुबेहा | | वार्ड पट्टी के वार्ड नं0 10 में रवि के घर से गोसाई बाबा के मन्दिर तक इण्टरलाकिंग, सड़क व नाली निर्माण व पथ प्रकाश का कार्य। | 1934210.53 | 193421/- | 854 | 04 माह |
| 32 | नगर पंचायत दरियाबाद | | मोहल्ला पाठखानी में पप्पू नाग के जंगली माता मंदिर से दीप चन्द्र तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 1779605.26 | 177961/- | 854 | 04 माह |
| 33 | नगर पंचायत दरियाबाद | मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना | मोहल्ला चौधारिया पूर्वी टिकैतनगर मेन रोड हच टॉवर के सामने से पप्पू नाग के घर होते हुये नाई मोहल्ला होते हुये वापस मेन रोड तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 3012335.53 | 301234/- | 854 | 04 माह |
| 34 | नगर पंचायत बेलहरा | | मोहल्ला जलाननगर में बजरंग बली स्कूल से सार्वजनिक शौचालय तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 1888455.85 | 188846/- | 854 | 04 माह |
| 35 | नगर पंचायत बेलहरा | | खाले टोला में दिलीप वर्मा के घर से पवन मौर्या के घर होते हुये छेदा वाली मेन रोड तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 2062032.00 | 206203/- | 854 | 04 माह |
| 36 | नगर पंचायत टिकैतनगर | | वार्ड 09 में शिवा के मकान से मस्जिद होते हुये नूरुल तक सी0सी0 निर्माण का कार्य। | 1557565.79 | 155757/- | 854 | 04 माह |
| 37 | नगर पंचायत रामसनेही घाट | | वार्ड 11 सुमेरगंज पश्चिम में छेदीलाल साहू के मकान मकान से संतोष सर्राफ तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण का कार्य। | 297697.37 | 29770/- | 667 | 04 माह |
| 38 | नगर पंचायत रामसनेही घाट | | वार्ड मालिनपुर में बाबापुरवा सम्पर्क मार्ग से टिकुरी में जगन्नाथ के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | 2361019.74 | 236102/- | 854 | 04 माह |
| 39 | नगर पंचायत रामसनेही घाट | मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना | वार्ड बेलहा में महेश के घर के पास से सुनील प्रजापति के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | 557565.79 | 55757/- | 795 | 04 माह |
| 40 | नगर पंचायत रामसनेही घाट | | वार्ड सुमेरगंज दक्षिण में अमन के घर से मेनरोड तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | 1166118.42 | 116612/- | 795 | 04 माह |

**<u>नियम व शर्ते :–</u>**

1. राज्य नगरीय विकास अभिकरण उ0प्र0,लखनऊ के पत्र संख्या–1919 / 06 / ई–टेण्डरिंग / निर्माण / 2017–18 दिनांक 22 अगस्त 2017 के क्रम में–

(I) **किसी भी राशि तक के कार्य के लिए अर्हता–**

1. विगत तीन वर्षों में कम से कम 2 करोड़ से अधिक लागत के कार्य सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार द्वारा सफलतापूर्वक किये गये हो।
2. जिला मजिस्ट्रेट/समकक्ष सक्षम अधिकारी से निर्गत नियमानुसार रू0 50 लाख तक की हैसियत (साल्वेन्सी) प्रमाण पत्र देना होगा।

(II) **रू0 30 लाख की लागत तक के कार्यो के लिए अर्हता–**

2. विगत तीन वर्षों में कम से कम 75 लाख से अधिक लागत के कार्य सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार द्वारा सफलतापूर्वक किये गये हो।
2. जिला मजिस्ट्रेट/समकक्ष सक्षम अधिकारी से निर्गत रू0 30 लाख तक की हैसियत (साल्वेन्सी) प्रमाण पत्र देना होगा।

(III) **रू0 15 लाख की लागत तक के कार्यो के लिए अर्हता–**

1. विगत तीन वर्षों में कम से कम 25 लाख से अधिक लागत के कार्य सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार द्वारा सफलतापूर्वक किये गये हो।
2. जिला मजिस्ट्रेट/समकक्ष सक्षम अधिकारी से निर्गत रू0 20 लाख तक की हैसियत (साल्वेन्सी) प्रमाण पत्र देना होगा।
3. जिला नगरीय विकास अभिकरण, बाराबंकी में पंजीकृत श्रेणी–ए, बी, सी ठेकेदार/फर्म एवं अन्य पंजीकृत वैध ठेकेदार/फर्म निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र होगें तथा शासनादेश संख्या 419/2019/1284/69–1–2019–14(34)/2019 दिनांक 05 नवम्बर 2019 के क्रम में ऐसे निविदादाता जिनका डूडा में पंजीयन नहीं है भी निविदा डालने हेतु पात्र होंगे, परन्तु ऐसे निविदादाता न्यूनतम निविदा प्राप्त होने के उपरान्त उनको डूडा में पंजीयन हेतु निर्धारित शुल्क ('ए' श्रेणी हेतु 60000/– 'बी' श्रेणी हेतु 40000/– एवं 'सी' श्रेणी हेतु रू0 20000/– तथा आवेदन शुल्क रू0 1000/–) जमा कर उपर्युक्त वर्णित शर्तो के अनुसार पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
4. निविदा विवरण निम्न प्रारूप में उल्लेखित कार्यों का अलग–अलग विवरण उनकी आगणित लागत, निविदा की धरोहर धनराशि, निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विवरण के अनुसार प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा आमंत्रित है।
5. किसी भी श्रेणी के ठेकेदारों/फर्मो द्वारा दी गयी सशर्त निविदाएं मान्य नहीं होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी। ई–निविदा मूल्य की **धनराशि "जिला नगरीय गरीबी उन्मूलन निधि" नाम से संचालित खाता संख्या–751810110010216 बैंक ऑफ इंडिया शाखा पंचायत भवन–बाराबंकी में जमा करके प्राप्ति रसीद की स्कैन कापी निविदा के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा।**
6. प्रत्येक निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर राशि की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 कालम–12 में अंकित विवरण के अनुसार अलग–अलग कार्यो के लिए **परियोजना निदेशक, जिला नगरीय विकास अभिकरण, बाराबंकी** के पद नाम से बंधक कराते हुए स्कैन कापी ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
7. शासनादेश सं0–609/नौ–92007–246ज/06 दिनांक 26.02.2007 के अनुपालन में प्रत्येक निविदा पत्र के साथ 100.00 रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्व–घोषणा पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. निविदा आमन्त्रण के अन्तिम दिवस को सॉय 5.00 बजे तक निविदादाता को **पंजीकरण प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र (टी–5), चरित्र प्रमाण–पत्र (टी0–4), जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र** एवं श्रम विभाग का प्रमाण–पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र व आयकर प्रमाण पत्र तथा वर्ष 2025–26 तक का क्लियरेंस प्रमाण–पत्र निविदा शुल्क की प्राप्ति रसीद व धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 अथवा एन0एस0सी0 की मूल प्रति के साथ सीलबन्द लिफाफे में रखकर लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम, ठेकेदारों/फर्म का नाम, पता सहित स्पष्ट हस्ताक्षर के साथ अलग–अलग कार्यो हेतु अलग–अलग लिफाफे में जिला नगरीय विकास अभिकरण, बाराबंकी कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।
9. निविदादाता को स्वयं के बारे में रू0 100 के स्टाम्प पर शपथ पत्र (टी0–6) (क्लाज–3.4) निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
10. शासनादेश सं0–622/23.12.2012–02आडिट/08टी0सी0–2 दिनांक 08.06.2012 में निहित निर्देशों के अनुसार कार्य की विभागीय दरों से प्रतिशत बिलो टेण्डर पर ठेकेदार को अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी निम्न प्रकार देय होगा–
   (क) 10 प्रतिशत BELOW तक 0.50 प्रतिशत प्रति 1.00 प्रतिशत कम दर पर।
   (ख) 10 प्रतिशत से अधिक बिलो दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति 1.00 प्रतिशत कम दर पर।
   उक्त धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
11. शासनादेश संख्या–715/नौ–5–2018–120 बजट/2013 दिनांक 17 मार्च 2018 के अनुसार किया जाने वाला निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि से 02 वर्ष तक अनुरक्षण/रख रखाव सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म द्वारा किया जायेगा।
12. अपठनीय/कटिंग/अस्पष्ट स्कैन कापी टेण्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
13. प्रत्येक ठेकेदार/फर्म निविदा डालने से पूर्व उक्त सूची में अंकित निर्माण कार्य के कार्य स्थल का भली–भाँति निरीक्षण कर लें।

14. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकार बाराबंकी होगा।
15. बी0ओ0क्यू0 (बिल ऑफ क्वान्टिटी) में सभी कटौतियां इत्यादि स्टीमेट के अनुसार की जायेगी।
16. निविदा खोले जाने के समय निविदाताओं/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति अपेक्षित है।
17. उपर्युक्त वर्णित कार्यो के सापेक्ष प्रथम किस्त की धनराशि सूडा से प्राप्त हो चुकी है, द्वितीय किस्त सूडा से प्राप्त प्रथम किश्त की धनराशि व्यय करने के उपरान्त उपभोग प्रमाण पत्र सूडा को प्रेषित किये जाने के उपरान्त प्राप्त होगी, तद्नुसार ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
18. शासन द्वारा निर्धारित सभी कर–कटौतियों जैसे–आयकर, जी0एस0टी0, लेबर सेस, रायल्टी आदि कार्यवाही सक्षम स्तर से प्राप्त की जायेगी।
19. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म को कार्यादेश निर्गत होने के 07 दिवस के अन्दर निर्माण कार्य प्रारम्भ करते हुए निर्धारित समयावधि 04 माह में निर्माण कार्य पूर्ण कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा नोटिस निर्गत होने के उपरान्त ठेका निरस्त कर जमानत की धनराशि जब्त करते हुए ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही भी की जा सकती है, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म की होगी।
20. सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म द्वारा दी जाने वाली निविदा दर सिर्फ प्रतिशत में ही मान्य होगी।
21. विभिन्न कार्यो हेतु ऑनलाइन प्राप्त निविदाओं का परीक्षण अध्यक्ष (डूडा)/जिलाधिकारी महोदय, बाराबंकी द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा।
22. कार्य हेतु ठेकेदार/फर्म अथवा उसके सहयोगी द्वारा निविदा इत्यादि कार्य में व्यवधान, अभद्रता, दुर्व्यवहार इत्यादि करने पर सम्बन्धित को ब्लैक लिस्टेड (काली सूची) करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट सम्बन्धित थाने में दर्ज करायी जायेगी।
23. निविदादाता को इस आशय का शपथ पत्र रू0 100.00 के स्टाम्प पर प्रस्तुत करना होगा कि वह किसी शासकीय/अशासकीय अथवा अन्य किसी संस्था से टेण्डर कार्य हेतु काली सूचीबद्व नही किया गया है तथा निविदादाता के विरूद्ध वित्तीय अनियमितता का कोई भी प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन नहीं है।
24. निविदादाता को 03 वर्ष (2023–24 से 2025–26 तक) की बैलेन्सशीट जो चार्टर्ड एकाउटेन्ट/बैंक द्वारा निर्गत की गयी हो संलग्न करना होगा।
25. निविदादाता को 03 वर्षो (2023–24 से 2025–26 तक) का इन्कम टैक्स रिटर्न की प्रमाणित प्रति ई–निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
26. निविदादाता को अपनी फर्म के कार्य करने वाले सामान्य एवं तकनीकी स्टाफ का विवरण शैक्षिक योग्यता सहित तथा तकनीकी उपकरणो से सम्बन्धित अभिलेख की प्रमाणित छाया प्रतिया निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

**सामान्य शर्तें**

1. अनुरक्षण अवधि 2 वर्ष की होगी जिसमें यदि ठेकेदार/फर्म कार्य में आयी कमियो को तीन दिवस के अन्दर ठीक नही करता है तो उस पर अर्थदण्ड के रूप में कटौती ओ0 एण्ड एम0 की लागत से कर ली जायेगी।
2. कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण करना होगा। समय से कार्य पूर्ण न होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
3. निर्माण कार्यो का आगामी–02 वर्षो तक निर्माण कार्य का रख–रखाव का दायित्व भी संबंधित ठेकेदार/फर्म द्वारा किया जाना होगा, इस हेतु पृथक से कोई भी भुगतान नहीं किया जायेगा। अन्यथा की दशा में परियोजना निदेशक को यह अधिकार होगा कि उस फर्म की जमानत धनराशि जब्त कर ली जाय।
4. कार्य पूर्ण करने की अवधि में वर्षा ऋतु भी सम्मिलित है।
5. कार्यादेश जारी होने पर शासन द्वारा जारी की गयी विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार ही ठेकेदार/फर्म को कार्य पूर्ण करना होगा।
6. ठेकेदार/फर्म द्वारा निविदा के आधार पर कराये गये निर्माण में यदि किसी प्रकार की कमी जांच के समय पायी जाती है, तो ठेकेदार/फर्म स्वयं उत्तरदायी होगे एवं भुगतान किया जाना सम्भव नही होगा।
7. निविदादाता निविदा के साथ रू0 100/– के स्टाम्प पर शपथ पत्र तथा 100/– के स्टाम्प पर रू0 1/–का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार किया जाना सम्भव न होगा।
8. कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण बाराबंकी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
9. स्थल पर उपयोग में लायी जाने वाली निर्माण सामग्रियों एवं अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच में होने वाला व्यय (शुल्क) निविदादाता को स्वयं वहन करना होगा।
10. योजनान्तर्गत उपरोक्त स्वीकृत प्रोजेक्ट लागत के सापेक्ष शासन/निदेशालय द्वारा समय–समय पर अवमुक्त धनराशि के प्राप्त होने पर ही किये गये कार्यो का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।
11. उपरोक्त कार्यों हेतु प्राप्त निविदाओ में से निविदादाताओं निविदाओ में संलग्न धरोहर धनराशि की एन0एस0सी/एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी को कार्य पूर्ण होने के 02 वर्षों के बाद वापस/अवमुक्त किया जायेगा। कार्य पूर्ण होने की दिनांक अवर अभियन्ता डूडा, बाराबंकी द्वारा एम0बी0 में किये गये अन्तिम मेजरमेन्ट के दिनांक को ही माना जायेगा।

12. ई–टेण्डरिंग से आमन्त्रित निविदाओं की सूचना **https://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।
13. निविदा स्वीकृत होने की सूचना गठित तकनीकी समिति की स्वीकृति मिलने के उपरान्त दी जायेगी, स्वीकृतोपरान्त ही कार्यादेश जारी किया जायेगा। फर्म/ठेकेदार को निर्माण कार्य हेतु कार्यादेश जनपद को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष ही जारी किया जायेगा।
14. नियमानुसार आयकर एवं व्यापार कर, श्रमकर, रायल्टी आदि की कटौती की जायेगी।
15. टेण्डर स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित कीमत के स्टाम्प पर नियमानुसार अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा तथा साथ ही एक बान्ड/शपथपत्र भी देना होगा।
16. टेण्डर को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण(डूडा), बाराबंकी को होगा।
17. टेण्डर फार्म पर टेण्डर रेट (दरे) प्रतिशत आधार पर स्पष्ट अंकित होना चाहिए। उसमें किसी प्रकार की कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नही होगी।
18. सी0सी0 निर्माण कार्य में वाइब्रेटर चलाना अनिवार्य होगा।
19. स्थल का निरीक्षण निविदादाता को टेण्डर देने के पूर्व करना होगा बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।
20. लेबर सेस में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। लेबर सेस के पंजीकरण का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
21. निर्माण कार्य के अनुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
22. दिनांक 01.07.2017 से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगी।
23. निविदा सिर्फ ऑनलाइन के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी किसी अन्य माध्यम से प्राप्त निविदा पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जायेगा।
24. ई–निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर ऑनलाइन डाली गई निविदाओ का प्रिंटआउट के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क की मूल प्रति उपरोक्तानुसार संलग्न कर बन्द लिफाफे में जिला नगरीय विकास अभिकरण(डूडा) बाराबंकी में उपरोक्त निर्धारित समय एवं तिथि तक जमा करना अनिवार्य होगा।
25. निविदादाताओ को लिफाफे पर फर्म का नाम निविदा क्रमांक/दिनांक, कार्य का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाये अन्यथा की स्थिति में निविदा निरस्त मानी जायेगी।
26. निर्माण कार्यो हेतु निविदादाता ई–निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व कार्य एवं कार्य स्थल के बारे में भली–भॉति परिचित हो ले।
27. उपरोक्त निर्माण कार्यो का भुगतान धन की उपलब्धता होने पर किया जायेगा।
28. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
29. अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में डूडा कार्यालय बाराबंकी से प्राप्त की जा सकती है।
30. ई–निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा, बाराबंकी में निहित रहेगा।
31. कार्यो में विभागीय नियमावली शासनादेशो में दी गई व्यवस्था पूर्णरूप से लागू रहेगी।
32 कार्य प्रारम्भ के पूर्व, कार्य होते हुए तथा कार्य पूर्ण की जियो लोकेशन वाली 2–2 फोटोग्राफ भुगतान से पूर्व प्रस्तुत करना होगा।
33. फर्म/ठेकेदार को कार्यादेश जारी होने से पहले सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति ली जायेगी।

उक्त कार्यों के सापेक्ष निविदायें दिनांक 20.05.2026 से दिनांक 19.06.2026 तक ई–निविदा **https://etender.up.nic.in** पर ऑनलाइन डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 20.06.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे गठित समिति के समक्ष तकनीकी निविदा खोली जाएगी । निविदा खोले जानें के उपरान्त निविदादाता द्वारा अभिलेख व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। निविदा से सम्बंधित कोई भी निर्णय निविदा समिति, अधोहस्ताक्षरी एवं जिलाधिकारी द्वारा लिया जायेगा जो सभी को मान्य होगा। निविदा से सम्बंधित शेष सभी शर्तें **https:// etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

15.05.26

(संजय शुक्ला)
परियोजना अधिकारी
डूडा, बाराबंकी।

Signature Not Verified

Digitally signed by SANJAY KUMAR SHUKLA
Date: 2026.05.18 14:23:53 IST
Location: Uttar Pradesh-UP